ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 20 नवम्बर 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 197

ओडिशा तट से टकराया चक्रवाती तूफान 'अकवन', 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं; भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित



24 न्यूज अपडेट

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'अकवन' शुक्रवार सुबह ओडिशा के तट से टकरा गया। तूफान ने गोपालपुर के पास दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र में दस्तक दी। इसके प्रभाव से तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। समुद्र में ऊंची लहरें उठीं और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। तूफान के चलते ओडिशा के तटीय जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, तूफान ने सुबह करीब 7:30 से 8:30 बजे के बीच 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ तट पार किया। इस दौरान हवा के झोंकों की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। मौसम विभाग के अनुसार, तट पार करने के बाद तूफान कमजोर होकर गहरे दबाव के क्षेत्र में बदलने लगा है।

3.72 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

तूफान के खतरे को देखते हुए ओडिशा प्रशासन ने बड़े स्तर पर बचाव और राहत अभियान चलाया। संवेदनशील तटीय इलाकों से करीब 3.72 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रशासन ने 423 बचाव दल तैनात किए और 9,341 चक्रवात राहत केंद्र तैयार रखे।

प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और पर्यटन स्थलों को बंद किया गया। लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने और प्रशासन की चेतावनियों का पालन करने की सलाह दी गई।

कई इलाकों में 200 मिमी से अधिक बारिश

चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई। गंजाम जिले के पात्रापुर में 209 मिमी, हिन्जिली में 207 मिमी, चिकिटी में 199 मिमी और गोपालपुर में 190 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। लगातार बारिश से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी।

कमजोर पड़ रहा तूफान, फिर भी अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार, अकवन अब धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। इसके बावजूद ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई गई है। पूर्वी छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों के लिए भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी के अनुसार, शुरुआती जानकारी में ओडिशा में किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं थी। प्रशासन की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और राहत कार्यों में जुटी हैं।

फिलहाल तूफान की रफ्तार कमजोर पड़ रही है, लेकिन भारी बारिश और जलभराव का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और बिना जरूरत घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

सोना एक साल में सबसे सस्ता, 1.23 लाख पर आया:आज 6 हजार दाम घटे; चांदी के दाम भी 10 हजार गिरे, 1.50 लाख पर आई



24 न्यूज अपडेट

सोना-चांदी में लगातार गिरावट जारी है। IBJA के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,947 रुपए सस्ता होकर 1.23 लाख रुपए पर आ गया।

इस गिरावट के बाद सोना करीब एक साल पुराने स्तर पर पहुंच गया है। पिछले साल 24 नवंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,23,308 रुपए था। इसके बाद सालभर तक इसके भाव ज्यादा बने रहे।

इधर, चांदी के भाव में भी शुक्रवार को 9,789 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद चांदी 1.50 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के चलते सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला: बार-बार यौन अपराध की शिकायत करने वालों का डेटाबेस बनाने की याचिका खारिज



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों की बार-बार शिकायत दर्ज कराने वाले लोगों का अलग डेटाबेस बनाने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है, चाहे वह 100 बार ही शिकायत क्यों न करे।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि कोई शिकायत झूठी पाई जाती है तो कानून के तहत उसके परिणाम भुगतने होंगे। याचिकाकर्ता ने प्रत्येक जिले के पुलिस मुख्यालय में ऐसे शिकायतकर्ताओं का रिकॉर्ड रखने की मांग की थी।

पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा

अदालत ने डेटाबेस बनाने के प्रस्ताव पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे यौन अपराधों के पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा हो सकता है। पीठ ने कहा कि कानून में पहले से ही पीड़ितों की पहचान सुरक्षित रखने और जांच के लिए कई व्यवस्थाएं मौजूद हैं।

मौजूदा कानूनी व्यवस्था पर्याप्त

सुनवाई के दौरान अदालत ने मेडिकल जांच, जरूरत के अनुसार DNA प्रोफाइलिंग और मजिस्ट्रेट के सामने पीड़ित के बयान दर्ज कराने जैसी प्रक्रियाओं का उल्लेख किया। अदालत ने इन्हें पहचान और जांच से जुड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं बताया।

सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं पहलुओं और पीड़ितों की निजता को ध्यान में रखते हुए डेटाबेस बनाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का 91 वर्ष की उम्र में निधन



24 न्यूज अपडेट

देहरादून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पैतृक गांव पंचूर में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से परिवार और शुभचिंतकों में शोक की लहर छा गई।

सावित्री देवी लंबे समय से उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उनके निधन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति संवेदनाएं जताईं।

मां के निधन की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पैतृक गांव पंचूर पहुंचे। शनिवार को हरिद्वार में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन से परिवार में शोक का माहौल है।

सेंसेक्स ने रचा नया इतिहास, 84,000 के पार पहुंचा भारतीय शेयर बाजार 9 महीने के उच्चतम स्तर पर



24 न्यूज अपडेट

आज यानी 20 नवंबर को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 898 अंक या 1.08% की तेजी के साथ 83920 पर बंद हुआ है। निफ्टी में भी 300 अंक या 1.06% की तेजी है। यह 25,800 के पार पहुंच गया है। IT और रियल्टी शेयर्स में आज सबसे ज्यादा खरीदारी रही।

दिन के कोराबार में सेंसेक्स करीब 1000 अंक या 1.17% की तेजी के साथ 84 हजार के पार पहुंच गया था। इसने 84,037.96 का डे-हाई बनाया। करीब 9 महीने बाद सेंसेक्स इस लेवल पर पहुंचा था। इससे पहले 12 फरवरी को सेंसेक्स 84,061 के स्तर पर था।

यमुना सफाई के लिए केंद्र का बड़ा फैसला, 874 करोड़ मंजूर; दिल्ली में बनेंगे दो नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली में सीवेज के पानी को साफ करने और यमुना में गंदे पानी का बहाव रोकने के लिए दो नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) बनाने की मंजूरी दी गई है। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल 874.49 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नए प्लांट शुरू होने के बाद प्रतिदिन 250 मिलियन लीटर (250 MLD) गंदे पानी का शोधन किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) की अधिकार प्राप्त समिति ने 12 नवंबर को हुई बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनका उद्देश्य दिल्ली में सीवेज शोधन की क्षमता बढ़ाना और बिना साफ किया हुआ पानी यमुना में पहुंचने से रोकना है।

रिठाला में बनेगा 159 MLD का प्लांट

पहला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट दिल्ली के रिठाला क्षेत्र में बनाया जाएगा। इसकी क्षमता 159 मिलियन लीटर प्रतिदिन होगी। इस परियोजना पर करीब 509.54 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी का शोधन किया जा सकेगा।

इंद्रप्रस्थ के पास बनेगा दूसरा प्लांट

दूसरा प्लांट इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन के पास सेन नर्सिंग होम नाले के आउटफॉल पर बनाया जाएगा। इसकी क्षमता 91 MLD होगी और इसके निर्माण पर करीब 362.95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

दोनों परियोजनाओं को नमामि गंगे मिशन-3 के तहत हाइब्रिड एन्युटी मॉडल आधारित सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

दिल्ली में सीवेज शोधन की क्षमता बढ़ाने की जरूरत

दिल्ली में रोजाना बड़ी मात्रा में गंदा पानी निकलता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की मार्च 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में प्रतिदिन 3,330 MLD सीवेज पैदा होता था, जबकि स्थापित शोधन क्षमता 2,896 MLD थी। ऐसे में सीवेज उत्पादन और शोधन क्षमता के बीच बड़ा अंतर बना हुआ था।

क्या अब SpiceJet भी बंद हो जाएगा, एयरलाइन के सामने मंडरा रहा गहरा आर्थिक संकट



24 न्यूज अपडेट

स्पाइसजेट कंपनी के सामने सीमित ऑपरेशनल विमान है। एयरपोर्ट का बकाया रकम चुकाने में दिक्कत आ रही है। दूसरी तरफ, स्टाफ को भी समय पर सैलरी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में 18 अक्टूबर को बोर्ड मीटिंग में नई पूंजी जुटाने पर फैसला होना है। ऐसे में आज का सबसे बड़ा सवाल भी यहीं है कि क्या इतनी रकम मिलेगी जिससे स्पाइसजेट कंपनी आर्थिक संकट से उबर पाए।

आए दिन स्पाइसजेट की फ्लाइट्स डिले और कैंसिल हो रही हैं। ऐसे में यात्रियों को घंटों फ्लाइट्स का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं बागडोगरा से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट रद्द होने के बाद करीब 70 यात्री परेशान हुए। यात्रियों ने स्पाइसजेट कंपनी पर आरोप लगाया कि कंपनी ने हमें फ्लाइट रद्द होने की जानकारी समय से नहीं दी और न ही हमारी पर्याप्त मदद की।

संपादकीय : आतंक के विरुद्ध

इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुई मुठभेड़ में एक आतंकी का मारा जाना एक बड़ी कामयाबी है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मारे गए व्यक्ति को घाटी का आखिरी स्थानीय आतंकी बताया। पिछले काफी समय से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या किस स्तर पर कायम है, यह छिपा नहीं है। हर कुछ दिनों के बाद जिस तरह सुरक्षाबलों के शिविरों पर आतंकियों ने हमले जारी रखे हैं, उसमें जवान शहीद या घायल होते रहे, उससे साफ है कि राज्य में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए तमाम अभियानों में आतंकियों को खत्म करने के दावे जरूर किए गए, लेकिन हर अगली घटना यह बताती रही कि अभी वहां यह समस्या अपने जटिल स्वरूप में मौजूद है। गौरतलब है कि आतंकियों की गतिविधियों के बारे में खुफिया सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने देवसर इलाके के जंगलपोरा गांव में खोज अभियान चलाया था। वहीं आत्मसमर्पण से इनकार करने पर लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर लतीफ भट को मुठभेड़ में मार गिराया गया। जाहिर है, समूची घाटी में आतंकवाद का जाल जिस तरह काम करता है और उसमें आए दिन सुरक्षाबलों से लेकर आम लोगों को निशाना बनाया जाता है, उसमें लतीफ भट का खात्मा एक बड़ी उपलब्धि है। अगर उसके घाटी का आखिरी स्थानीय आतंकी होने के बारे में सरकार के दावे सही हैं, तो उसका मारा जाना इस लिहाज से भी अहम है कि सीमा पार के आतंकी संगठनों की एक बड़ी ताकत स्थानीय आबादी में फैला उनका जाल ही होता है। ऐसे में अगर लतीफ भट कश्मीर में इसी भूमिका में था, तो उसकी मौत के बाद अब आतंक के दुश्चक्र के एक मजबूत आधार को कमजोर करने में मदद मिलनी चाहिए क्योंकि कई बार बहरी हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकता है, लेकिन जब उसे स्थानीय समर्थन और संरक्षण मिलता है, तो उसकी पकड़ को ढीला करना एक चुनौती होती है। विचित्र यह है कि जब कोई बड़ा आतंकवादी घाटी में मारा जाता है, तब सरकार की प्रतिक्रिया आमतौर पर ऐसी होती है, मानो वहां इस समस्या का अंत हो गया है। मगर फिर कुछ समय बाद कोई आतंकी हमला यह बताने के लिए काफी होता है कि वहां अब भी इस समस्या की जटिलता में कमी नहीं आई है। सही है कि बीते कुछ समय से सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र के बीच बेहतर तालमेल की वजह से आतंकियों के स्थानीय संजाल को कमजोर करने में मदद मिली है। बल्कि कई बार स्थानीय लोगों की ओर से भी आतंकी संगठनों का सहयोग करने से इनकार करने की खबरों ने इस समस्या का सामना करने को लेकर एक सकारात्मक परिस्थितियों का निर्माण किया। मगर इसके बरक्स यह भी सच है कि कुछ समय के अंतराल पर सुरक्षाबलों या उनके शिविरों पर घात लगा कर हमला करने या फिर लक्षित हमलों के तहत महज रोजी-रोटी के लिए अन्य राज्यों से वहां जाकर मजदूरी करने वाले लोगों को निशाना बनाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। इसका मतलब यही है कि किसी न किसी स्तर पर आतंकी नेटवर्क वहां काम कर रहा है और उसकी जड़ों तक पहुंचना अभी बाकी है। पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठनों के तार भी स्थानीय संजाल से जुड़े हो सकते हैं इसलिए जरूरी है कि आतंक के समूचे ढांचे को खत्म करने के लिए इसके विरुद्ध अभियान की निरंतरता में फिलहाल कोई ढिलाई न हो।

तीर्थ और और त्रासदी

उतराखंड की चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को सरकार पर्यटन और धार्मिक आस्था की सफलता के रूप में प्रस्तुत कर सकती है, मगर इस उत्साह के पीछे मौतों का बढ़ता आंकड़ा व्यवस्था की असफलता का आईना है। इस वर्ष चारधाम और हेमकुंड साहिब पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या 29 फीसद बढ़कर 65.65 लाख से अधिक हो गई, वहीं मौतों में 63 फीसद का इजाफा हुआ। इस दौरान कुल 297 श्रद्धालुओं की जान गई। आखिर यह कैसी व्यवस्था है, जिसमें यात्रियों की संख्या तो बढ़ती है, मगर उनकी सुरक्षा की गारंटी कमजोर पड़ती जाती है? पहाड़ों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, कम तापमान, ऊंचाई, आक्सीजन की कमी और शारीरिक थकान यात्रियों के लिए जोखिम पैदा करते हैं। इसकी जानकारी सरकार और प्रशासन को पहले से होती है। फिर भी स्वास्थ्य जांच, मार्गों पर पर्याप्त चिकित्सा केंद्र, प्रशिक्षित कर्मियों, एंबुलेंस, आक्सीजन और आपातकालीन उपचार की व्यवस्था क्यों नहीं होती ? जब केदारनाथ और बदरीनाथ में स्वास्थ्य कारणों से 229 श्रद्धालुओं की मौत हुई, तो यह समूची व्यवस्था की समीक्षा का विषय होना चाहिए। खास बात यह है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ वाहनों की आवाजाही में भी तीस फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है। पहाड़ी सड़कों पर यातायात का दबाव, जाम, दुर्घटनाओं की आशंका और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही बाधित होना स्वाभाविक है। मगर क्या सरकार ने यात्रियों की संख्या और वाहनों की क्षमता के बीच संतुलन बनाने के लिए कोई प्रभावी योजना तैयार की? केवल पंजीकरण, निर्देश और घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। क्षमता से अधिक यात्रियों को अनुमति देना भी जोखिम को आमंत्रित करना है । तीर्थयात्रा आस्था का विषय है, लेकिन श्रद्धालुओं का जीवन सुरक्षित रखना शासन का दायित्व मौत के आंकड़े महज संख्या नहीं, उन परिवारों की उजड़ी दुनिया है, जो अपनों को दर्शन के लिए भेजकर उनकी वापसी की प्रतीक्षा करते रहे। सरकार को इन मौतों की समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और चिकित्सा, यातायात तथा आपातकालीन सेवाओं की कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनानी चाहिए। आस्था के मार्ग पर श्रद्धालुओं को व्यवस्था की लापरवाही का शिकार नहीं होने दिया जा सकता।

राजस्थान पंचायत चुनाव: पिछले चुनाव से बदली तस्वीर, पंचायत समिति और जिला परिषद में दोनों में कांग्रेस को बढ़त



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान में पंचायत चुनाव के नतीजों में कांग्रेस ने पंचायत समिति और जिला परिषद दोनों स्तरों पर भाजपा से बढ़त बना ली है। पंचायत समितियों में कांग्रेस 1,356 और जिला परिषदों में 104 सीटों से आगे है। आरएलपी ने 472 सीटें जीतकर तीसरी ताकत के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। राजस्थान में दिसंबर में भजनलाल सरकार अपने कार्यकाल की तीसरी वर्षगांठ मनाने जा रही है। इससे पहले आए पंचायत चुनावों के नतीजे भाजपा के लिए ग्रामीण राजनीति के लिहाज से बड़ा झटका लेकर आए हैं। पंचायत समिति और जिला परिषद, दोनों स्तरों पर कांग्रेस ने भाजपा से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। पंचायत समिति चुनाव में कांग्रेस की बढ़त 1,356 सीटों तक पहुंच गई है, वहीं जिला परिषद में भी वह 104 सीटों से आगे है।

इन नतीजों में सबसे ज्यादा चर्चा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के प्रदर्शन की है। पंचायत समिति चुनाव में पार्टी ने 472 सीटें जीतकर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। निर्दलीयों के बाद आरएलपी तीसरे स्थान पर है। राजस्थान की राजनीति में लंबे समय से यह ट्रेंड रहा है कि भाजपा का शहरी क्षेत्रों में और कांग्रेस का ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत बेहतर आधार रहा है। वर्ष 2020-21 के पंचायत चुनावों में भी पंचायत समितियों में कांग्रेस आगे रही थी, जबकि जिला परिषदों में भाजपा ने अधिक सीटें जीती थीं। इस बार अब तक के नतीजों में दोनों स्तरों पर कांग्रेस आगे है। पंचायत समिति में कांग्रेस 1,356 सीटों से आगे, आरएलपी की 472 सीटें

राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर 20 नवंबर को उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश की पंचायत समितियों के कुल 7,543 वार्डों में से 6,780 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस ने 3,363 और भाजपा ने 2,007 सीटें जीती हैं। दोनों दलों के बीच 1,356 सीटों का अंतर है। पंचायत समिति चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों ने 580 सीटें जीती हैं। आरएलपी को 472, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) को 251, बसपा को 55, माकपा को 50 और आम आदमी पार्टी को दो सीटें मिली हैं। इस तरह पंचायत समिति चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा क्षेत्रीय दलों तथा निर्दलीय उम्मीदवारों की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही है। कुल 7,543 वार्डों में से 763 के परिणाम अभी घोषित होना बाकी हैं।

जिला परिषद में भी कांग्रेस आगे, 412 में से 248 सीटें जीतीं

जिला परिषद सदस्य चुनाव में भी कांग्रेस ने भाजपा पर बढ़त बनाई है। कुल 1,275 सीटों में से अब तक 412 के परिणाम घोषित हुए हैं। इनमें कांग्रेस ने 248 और भाजपा ने 144 सीटें जीती हैं। दोनों दलों के बीच 104 सीटों का अंतर है।

जिला परिषद चुनाव में आरएलपी और निर्दलीय उम्मीदवारों को छह-छह सीटें मिली हैं। माकपा ने पांच, बसपा ने दो और बीएपी ने एक सीट जीती है। आम आदमी पार्टी का अभी खाता नहीं खुला है। जिला परिषद की 863 सीटों के परिणाम आना बाकी हैं। इस तरह कांग्रेस ने अब तक घोषित परिणामों में पंचायत समिति और जिला परिषद दोनों स्तरों पर भाजपा से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। हालांकि जिला परिषद की कुल सीटों में से अभी बड़ी संख्या में परिणाम घोषित होना बाकी है।

2020-21 के चुनाव से तुलना करें तो बदली तस्वीर

राजस्थान में वर्ष 2020-21 में हुए पंचायत चुनावों के परिणामों को देखें तो उस समय जिला परिषदों में भाजपा ने अधिक सीटें जीती थीं, जबकि पंचायत समितियों में कांग्रेस आगे रही थी। इस बार अब तक के नतीजों में दोनों स्तरों पर कांग्रेस ने बढ़त बनाई है।

पिछले जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को 42.59 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि भाजपा का वोट प्रतिशत 42.42 था। यानी वोट प्रतिशत में कांग्रेस 0.17 प्रतिशत आगे थी, लेकिन सीटों के मामले में भाजपा ने बाजी मारी थी। भाजपा ने 505 जिला परिषद सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस के खाते में 456 सीटें आई थीं। भाजपा ने 20 जिला परिषदों में बहुमत हासिल किया था, जबकि कांग्रेस को 12 जिला परिषदों में बहुमत मिला था। बाड़मेर में दोनों दलों की सीटें बराबर थीं।

पंचायत समिति चुनाव में भी दोनों दलों के बीच मुकाबला करीबी रहा था, लेकिन कांग्रेस आगे थी। वर्ष 2020-21 में 352 पंचायत समितियों के 6,992 वार्डों में भाजपा को 2,859 और कांग्रेस को 2,998 सीटें मिली थीं। भाजपा का वोट प्रतिशत 38.06 और कांग्रेस का 39.54 प्रतिशत था। इस तरह कांग्रेस ने 139 सीटों की बढ़त बनाई थी।

इस बार पंचायत समिति के घोषित 6,780 परिणामों में कांग्रेस की बढ़त 1,356 सीटों तक पहुंच गई है। वहीं जिला परिषद के घोषित नतीजों में भी कांग्रेस 104 सीटों से आगे है। पिछले चुनाव में पंचायत समितियों में कांग्रेस और जिला परिषदों में भाजपा आगे थी, जबकि इस बार अब तक के परिणामों में दोनों स्तरों पर कांग्रेस को बढ़त मिली है। हालांकि अंतिम तुलना के लिए सभी परिणामों का आना जरूरी है।

आरएलपी ने तीसरी ताकत के रूप में दर्ज कराई मौजूदगी

इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण पहलू आरएलपी का प्रदर्शन है। पंचायत समिति के 472 वार्डों में जीत हासिल कर पार्टी ने अपनी क्षेत्रीय ताकत का प्रदर्शन किया है। निर्दलीयों के 580 सदस्यों के बाद आरएलपी तीसरे स्थान पर है।

जोधपुर, नागौर और जयपुर सहित कई क्षेत्रों में पार्टी की मौजूदगी चर्चा में रही। जयपुर में सांगानेर, दूदू और आसपास के क्षेत्रों में आरएलपी ने सीटें जीतीं। दूदू में भाजपा तीसरे स्थान पर रही। सांगानेर में भी आरएलपी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

जिला परिषद में भी आरएलपी ने छह सीटें जीती हैं। इससे पार्टी की मौजूदगी दोनों स्तरों पर सामने आई है। हालांकि पंचायत समिति में 472 सीटों की तुलना में जिला परिषद में छह सीटों का आंकड़ा दोनों चुनावों में उसके प्रदर्शन के अंतर को दिखाता है।

उदयपुर में 3-4 जनवरी को होगा ICAI का राष्ट्रीय सम्मेलन 'राम', देशभर से जुटेंगे 1500 से अधिक CA



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 20 नवंबर। नववर्ष 2027 की शुरुआत उदयपुर में एक बड़े राष्ट्रीय आयोजन के साथ होगी। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) की प्रैक्टिस मेंबर समिति के तत्वावधान में तथा आईसीएआई उदयपुर शाखा के आतिथ्य में 3 और 4 जनवरी 2027 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'राम' आयोजित किया जाएगा। ऑकेजन गार्डन एंड बैंक्वेट में होने वाले इस सम्मेलन में देशभर से 1500 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट, वित्तीय विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

शुक्रवार को सीए ऑफिस परिसर में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। आईसीएआई उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत ने बताया कि सम्मेलन का विषय 'राम' यानी उत्तरदायित्व, जवाबदेही और दक्षता रखा गया है। इसमें व्यावसायिक जिम्मेदारी, नैतिक मूल्यों और कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता पर चर्चा होगी।

AI और टैक्सेशन सहित कई विषयों पर मंथन

सम्मेलन में भारत के 2047 के आर्थिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कराधान, कॉरपोरेट प्रशासन, पूंजी बाजार और वित्तीय क्षेत्र जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे।

उद्योग जगत को भी मिलेगा अवसर

शाखा उपाध्यक्ष सीए सौरभ गोलछा ने बताया कि सम्मेलन में बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों, औद्योगिक घरानों और तकनीकी कंपनियों को जुड़ने का अवसर मिलेगा। 1500 से अधिक पेशेवरों की मौजूदगी में संस्थान अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर सकेंगे।

सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। यह सम्मेलन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए ज्ञानवर्धन और राष्ट्रीय स्तर पर नए व्यावसायिक संपर्क विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

देव प्रबोधनी एकादशी पर शक्तिनगर में भव्य प्रभात फेरी, भजनों और पुष्पवर्षा से गूंजा क्षेत्र



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 20 नवंबर। देव प्रबोधनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार सुबह शक्तिनगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 6 बजे वैकुण्ठ धाम से गुरुजी शैलेश ब्रिजवानी के सानिध्य में शुरू हुई यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रभात फेरी का मार्ग में माता भगवती मंदिर, श्री सनातन मंदिर और अंबे माता मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और प्रसाद वितरण कर यात्रा का अभिनंदन किया।

गुरुमैया निकिता ब्रिजवानी ने महिला संगत के साथ भजन-कीर्तन किया। भक्ति गीतों से पूरा शक्तिनगर क्षेत्र भक्तिमय हो गया। क्षेत्र भ्रमण के बाद प्रभात फेरी पुनः वैकुण्ठ धाम पहुंची, जहां सामूहिक प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

गुरुजी शैलेश ब्रिजवानी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, एकता और सद्भावना का संदेश देना है।

डोरे नगर मे श्याम जन्मोत्सव मे हुआ अखण्ड ज्योत पाठ



24 न्यूज अपडेट

डोरे नगर स्थित श्री धाम में श्री खाटूश्याम बाबा की जन्मदिन पर पं.श्री राजेन्द्र मण्डोवरा के सानिध्य मे लगभग सवा चार घण्टे तक अखण्ड ज्योत पाठ हुआ। पण्डित जी ने बताया कि श्याम जगत मे अखण्ड ज्योत का बहुत महत्व है, उसमे भी श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे लगातार चार घण्टे तक निर्बाध करना विशेष फलदायी होता है। इस अवसर पर श्याम बाबा की पूरे समय ज्योत प्रज्वलित रही। बीच बीच मे श्याम भजनों की सरिता बही।



272 प्लॉट घोटाले से जुड़ा 2 करोड़ रिश्वत कांड: निलंबित ASP और कथित दलाल पर ACB का शिकंजा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 20 नवंबर 2026। उदयपुर नगर निगम के बहुचर्चित 272 प्लॉट घोटाले की जांच से जुड़े 2 करोड़ की कथित रिश्वत मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) मुकेश कुमार सोनी और कथित मध्यस्थ सज्जन सिंह उर्फ टटला के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। करीब 55 दिनों की जांच के बाद ACB ने 3,499 पन्नों का विस्तृत आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, कोर्ट नंबर-1 के समक्ष पेश किया है। इस कार्रवाई के बाद उदयपुर के इस हाईप्रोफाइल मामले में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

निलंबित ASP और मध्यस्थ को बनाया आरोपी

ACB की विशेष जांच इकाई जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह ने चार्जशीट न्यायालय में पेश की। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अभियोजन निदेशक राजेश कुमार पारीक ने आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

चार्जशीट में पूर्व SOG में तैनात निलंबित ASP मुकेश कुमार सोनी और हरण मगड़ी कम्युनिटी हॉल क्षेत्र निवासी गणेश लाल जैन के पुत्र सज्जन सिंह उर्फ टटला को आरोपी बनाया गया है। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7 और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 61(2) के तहत आरोप लगाए गए हैं।

न्यायालय ने चार्जशीट को जांच के लिए रिकॉर्ड पर लिया है। हालांकि, अभी दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय की ओर से आरोपों पर संज्ञान नहीं लिया गया है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकील भी मौजूद रहे।

272 प्लॉट घोटाले की जांच में मांगी गई थी '2 करोड़ की रिश्वत

पूरा मामला उदयपुर नगर निगम के 272 प्लॉट घोटाले की जांच से जुड़ा हुआ है। ACB की जांच के अनुसार, उस समय SOG में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात मुकेश कुमार सोनी पर आरोप है कि उन्होंने मामले के आरोपी निरंजन मोगरा से कथित तौर पर' 2 करोड़ की रिश्वत मांगी थी। यह मांग कथित मध्यस्थ सज्जन सिंह उर्फ टटला के माध्यम से की गई थी।

आरोप है कि रिश्वत की रकम मामले को निपटाने और दूसरे मामले में फंसाने से बचाने के बदले मांगी गई थी। इसी शिकायत के आधार पर ACB ने मामले की जांच शुरू की और अब दो आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट पेश की है।

4 अगस्त की कार्रवाई और जब्त सामान को लेकर भी गंभीर सवाल

इस प्रकरण में 4 अगस्त को हुई कार्रवाई भी जांच के दायरे में है। रिपोर्ट के अनुसार, ASP ने शिकायतकर्ता की पत्नी और सेवानिवृत्त महिला अधिकारी हेमलता कंकरिया को उनके घर से गिरफ्तार किया था।

कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता के घर से चार प्लॉट से संबंधित दस्तावेज, तीन खाली हस्ताक्षर किए हुए चेक, चेकबुक, दो सोने के कंगन, एक सोने की घड़ी और CCTV का DVR जब्त किए जाने की बात सामने आई थी।

ACB की जांच में आरोप सामने आया कि जब्त किए गए इन सामानों को आधिकारिक जब्ती रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया गया और इन्हें SOG के रीडर जसवंत राव के कब्जे में रखा गया। अब इस पूरे घटनाक्रम में रीडर की भूमिका और जब्त सामान से जुड़े तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

रीडर जसवंत राव और अन्य आरोपियों पर अभी जांच बाकी

ACB के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह के अनुसार, मामले की जांच अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। रिश्वत की शेष रकम, SOG के रीडर जसवंत राव और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच की जानी बाकी है।

ACB शेष जांच पूरी करने के बाद अलग से सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में इस मामले में और भी नाम सामने आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

अब आगे की जांच पर टिकी निगाहें

3,499 पन्नों की चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब इस हाईप्रोफाइल रिश्वत प्रकरण में न्यायालय की आगामी कार्रवाई और ACB की शेष जांच पर सभी की निगाहें टिकी हैं। खास तौर पर यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रीडर जसवंत राव और अन्य लोगों की भूमिका की जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और सप्लीमेंट्री चार्जशीट में किन लोगों के नाम शामिल किए जाते हैं।

फिलहाल 2 करोड़ की कथित रिश्वत के इस मामले में निलंबित ASP और कथित मध्यस्थ के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, जबकि जांच का अगला चरण अभी बाकी है।

खान विभाग की नीलामी में 50 लाख की फर्जी बैंक गारंटी, FIR दर्ज

उदयपुर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में खान एवं भू-विज्ञान विभाग की नीलामी में 50 लाख रुपये की कथित फर्जी बैंक गारंटी पेश करने का मामला सामने आया है।

मामले की पूरी जानकारी:

- थाना: भूपालपुरा, उदयपुर।
- परिवादी: अधीक्षण भूवैज्ञानिक ट्राइबल कार्यालय के अधिकारी हरिसिंह नाथावत।
- आरोपित: रतलाम निवासी सैय्यद ओवैस अली।
- राशि: 50 लाख रुपये।
- मामला: खनन ब्लॉकों की नीलामी में फर्जी बैंक गारंटी पेश करना।

विभाग ने बांसवाड़ा के गरारिया ब्लॉक सहित अन्य खनन ब्लॉकों की नीलामी के लिए निविदा जारी की थी। इसमें बोलीदाता सैय्यद ओवैस अली ने बिड सिक्योरिटी के रूप में 50 लाख रुपये की बैंक गारंटी जमा करवाई।

गारंटी पर बैंक की सील, मोहर और हस्ताक्षर भी थे। विभाग ने जब यस बैंक से इसकी पुष्टि करवाई तो बैंक ने ई-मेल के जरिए बताया कि यह गारंटी बैंक की ओर से जारी नहीं की गई थी। इसके बाद बोलीदाता को नोटिस दिया गया। उसने जवाब में कहा कि उसे गारंटी फर्जी होने की जानकारी नहीं थी और उसके कर्मचारी ने इसे मंगवाया था। विभागीय अधिकारी ने मुंबई जाकर बैंक से जानकारी ली। बैंक ने दोबारा गारंटी जारी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद भूपालपुरा पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

ट्रेन में पति-पत्नी को प्रसाद के नाम पर नशीली चिक्की खिलाकर लूटा, आरोपी महिला गिरफ्तार

महाराष्ट्र के सोलापुर में रेल यात्रा के दौरान पति-पत्नी को प्रसाद के नाम पर नशीली दवा मिली चिक्की खिलाकर सोने का मंगलसूत्र लूटने के मामले में रेलवे पुलिस ने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गीतादेवी उर्फ मीनादेवी रामनरेश थोरे (59) निवासी इटावा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। अदालत ने उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक, आंध्र प्रदेश के करनूल निवासी गोविंद व्यनकोबा कुमरा ने इस मामले में सोलापुर रेलवे पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घटना 15 सितंबर 2026 की है। गोविंद अपनी पत्नी के साथ कोपरगांव से मंत्रालय की ओर ट्रेन से सफर कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी महिला ने दंपती को प्रसाद बताकर चिक्की खाने के लिए दी। चिक्की में कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिला हुआ था। चिक्की खाने के बाद दंपती पर नशे का असर हुआ और इसी का फायदा उठाकर महिला ने उनके गले से करीब 1.50 लाख रुपये कीमत का सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। घटना के बाद मामले की जांच सोलापुर रेलवे पुलिस कर रही थी।

जांच के दौरान पुलिस ने 16 नवंबर को छत्रपति संभाजीनगर से गीतादेवी को हिरासत में लिया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चिक्की में किस तरह का नशीला पदार्थ मिलाया गया था और आरोपी महिला ने वह पदार्थ कहां से हासिल किया।

उदयपुर में 100 से ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाली गैंग पकड़ी: भींडर पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 300 लीटर चोरी का तेल बरामद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर जिले में सरकारी बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। भींडर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया करीब 300 लीटर ट्रांसफार्मर तेल बरामद किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह गिरोह जिले में 100 से अधिक सरकारी बिजली ट्रांसफार्मरों को निशाना बना चुका था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी संगठित तरीके से ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी करते थे। इसके लिए गिरोह ने दो अलग-अलग टीमें बना रखी थीं। दोनों टीमें एक ही रात में अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर कई ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाती थीं। इस तरीके से कम समय में अधिक ट्रांसफार्मरों से तेल निकालकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था।

दो टीमें बनाकर करते थे वारदात

जांच में सामने आया कि आरोपी योजनाबद्ध तरीके से चोरी करते थे। गिरोह की दोनों टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहती थीं। रात के समय सुनसान स्थानों पर लगे सरकारी बिजली ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाया जाता था। एक ही रात में कई जगह वारदात करने के कारण गिरोह लंबे समय तक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा।

ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी होने के कारण बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका रहती है। ट्रांसफार्मर में मौजूद तेल उसके संचालन और तापमान को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तेल कम होने या चोरी होने से उपकरण खराब होने और बिजली आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा हो सकता है।

पांच आरोपियों से पूछताछ जारी

भींडर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किया गया 300 लीटर तेल बरामद हुआ है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने किन-किन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी किया और चोरी किए गए तेल को कहां खपाया जाता था।

जांच में गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और चोरी के तेल की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अब तक कितने ट्रांसफार्मरों से तेल निकाला गया और इस गतिविधि से बिजली विभाग को कितना नुकसान हुआ।

सरकारी बिजली ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी की घटनाएं बिजली व्यवस्था और सरकारी संपत्ति दोनों के लिए नुकसानदायक हैं। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है। आरोपियों से पूछताछ के बाद गिरोह की वारदातों और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य तथ्य सामने आने की संभावना है।

मेले की भीड़ से 15 वर्षीय बच्ची को उठा ले गया आरोपी, 7 महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में नाबालिग को किडनैप पर रेप करने के मामले में झाड़ोल थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपी नारूलाल पिता हरजी सागीया निवासी कोचला को उडावेला तिराहे से गिरफ्तार किया है। वह 7 महीने से फरार चल रहा था।

थानाधिकारी ने बताया कि नाबालिग के पिता ने 2 अप्रैल 2026 को थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि उसकी 15 साल की नाबालिग बेटी अपनी मां के साथ मेले में गई थी।

भीड़ में नाबालिग बेटी का हाथ आरोपी नारूलाल ने पकड़ा और वह बेटी को जबरन हाथ पकड़कर ले जाने लगा। मां ने उसका पीछा कर पकड़ने की कोशिश की लेकिन भीड़ में उसे पकड़ नहीं पाई। आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। परिजनों ने इधर-उधर काफी तलाशा लेकिन बच्ची नहीं मिली।

परिजनों को आरोपी पर पहले से शक

परिजनों को आरोपी पर पहले से शक था। इसलिए वे दूसरे दिन उसके घर पता करने गए लेकिन वह नहीं मिला। पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट में ये भी बताया कि आरोपी ने उसे करीब 2 महीने पहले धमकी देते हुए कहा था कि तेरी बेटी को ऐसी जगह भेज दूंगा कि किसी को पता नहीं लगेगा। पुलिस भी पकड़ नहीं पाएगी।

ऐसे में पिता को पूरा अंदेशा था कि आरोपी नारूलाल ने ही उसकी बेटी का किडनैप किया है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी उडावेला तिराहे पर खड़ा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

घर में बनी मैगी बनी मौत की वजह? 7 साल की मासूम ने तोड़ा दम, बड़ी बहन अस्पताल पहुंची



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजधानी जयपुर में मैगी खाने के बाद एक 7 वर्षीय बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। वहीं, उसकी बड़ी बहन की भी तबीयत बिगड़ गई। मां जब घर पहुंची तो दोनों बेटियां कमरे में बेसुध पड़ी थीं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने छोटी बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि बड़ी बेटी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस प्रारंभिक तौर पर फूड पॉइजनिंग की आशंका जता रही है।

घटना गुरुवार शाम करधनी थाना क्षेत्र के कालवाड़ रोड स्थित मंगलम सिटी की है। जानकारी के अनुसार, बच्ची के माता-पिता अपने बीमार बेटे को देखने चौमूं के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल गए हुए थे। घर पर चार बच्चे मौजूद थे। इसी दौरान बच्चों ने मंगलम सिटी स्थित विकास किराना स्टोर से 60 रुपये का मैगी पैकेट खरीदा था।

परिजनों के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे समर ने मैगी बनाकर आधा हिस्सा खाया और बाकी मैगी गैस पर छोड़कर खेलने चला गया। दोपहर करीब 3 बजे 18 वर्षीय दिव्यांशी और 7 वर्षीय पीहू ने मैगी खाई और इसके बाद सो गईं।

शाम करीब 5 बजे मां मीना घर लौटीं तो उन्होंने दोनों बेटियों को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में जाकर जगाने की कोशिश की तो दिव्यांशी उठते ही उल्टियां करने लगी, जबकि छोटी बेटी पीहू बेसुध रही।

परिजन तुरंत दोनों को मंगलम सिटी के पास स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने पीहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दिव्यांशी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

फूड पॉइजनिंग की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना मिलने पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया।

करधनी थाना अधिकारी सवाई सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला फूड पॉइजनिंग का लग रहा है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्ची की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

टीचर से रेप करने वाला स्कूल का ड्राइवर गिरफ्तार, रिपोर्ट की भनक लगते ही हुआ था फरार

जयपुर में निजी स्कूल की शिक्षिका के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी उसी स्कूल में बच्चों को घर से स्कूल और स्कूल से घर लाने-ले जाने का काम करता था। इसी दौरान उसकी पीड़िता से जान-पहचान हो गई।

आरोप है कि आरोपी ने इसी का फायदा उठाकर उसे अपनी गाड़ी में सुनसान जगह पर ले जाकर डराया-धमकाया और दुष्कर्म किया। बता दें कि 11 नवंबर को पीड़िता थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की।

रिपोर्ट की भनक लगते ही हुआ फरार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस को पता चला कि रिपोर्ट दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी अपने घर से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने मुखबिरों से जानकारी जुटाई और तकनीकी संसाधनों की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ और मामले में आगे की जांच कर रही है।

एंकरिंग के बकाया 60 हजार रुपए मांगने पर धमकी, इवेंट संचालक के खिलाफ केस दर्ज



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। इवेंट में एंकरिंग की फीस के बकाया 60 हजार रुपए मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर महामंदिर थाना पुलिस ने बालोतरा के इवेंट संचालक उदित व्यास के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, जोधपुर निवासी एंकर आरती राजपुरोहित (28) ने न्यायालय में परिवाद पेश किया था। आरोप है कि बालोतरा के आर.यू.डी. इवेंट एंड वेडिंग के संचालक ने मार्च 2026 में चार दिन एंकरिंग के लिए बुलाया था। इसके लिए एक लाख रुपए फीस तय हुई थी। आरोपी ने 40 हजार रुपए दिए, जबकि 60 हजार रुपए बकाया रह गए।

पीड़िता का आरोप है कि बार-बार पैसे मांगने पर संचालक ने भुगतान से इनकार कर दिया और पुलिस में शिकायत करने पर जान-माल की धमकी दी। थाने में सुनवाई नहीं होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिला परिषद चुनाव में भाजपा को बहुमत, 47 में से 24 सीटों पर जीत; कांग्रेस को 22 और BAP को मिली 1 सीट, पूर्व विधायक नानालाल अहारी और उनके बेटे को हार का सामना



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला परिषद चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत हासिल करते हुए 47 में से 24 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस ने 22 सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि भारतीय आदिवासी पार्टी (BAP) के खाते में एक सीट आई। नतीजों के साथ ही जिला परिषद में भाजपा ने अपना बहुमत साबित कर दिया है।

चुनावी परिणामों में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों प्रमुख दलों के बीच सीटों का अंतर महज दो रहा। भाजपा ने 24 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार किया, जबकि कांग्रेस 22 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। BAP ने भी एक सीट जीतकर जिले की राजनीति में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

इस चुनाव का सबसे चौंकाने वाला परिणाम पूर्व विधायक नानालाल अहारी और उनके बेटे की हार रही। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जा रहे इस मुकाबले में दोनों को मतदाताओं ने जीत से दूर रखा। उनकी हार को क्षेत्र की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

चुनाव परिणामों ने जिले में भाजपा की स्थिति मजबूत की है। वहीं कांग्रेस ने भी 22 सीटें जीतकर कड़ी चुनौती पेश की। अब जिला परिषद में अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

47 सीटों का चुनावी गणित

भाजपा — 24 सीट
कांग्रेस — 22 सीट
BAP — 1 सीट
कुल 47 सीटों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है। अब सभी की नजरें जिला परिषद के नए अध्यक्ष के चयन और आगामी राजनीतिक समीकरणों पर रहेंगी।

उदयपुर से हैदराबाद के लिए हवाई सफर होगा आसान, 21 नवंबर से शुरू होगी इंडिगो की नई उड़ान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के हवाई यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। 21 नवंबर से उदयपुर और हैदराबाद के बीच इंडिगो की नई दैनिक हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। इस उड़ान के शुरू होने से दोनों शहरों के बीच हवाई संपर्क मजबूत होगा और यात्रियों को सफर के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

नई हवाई सेवा शाम के समय संचालित होगी। इससे हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को विशेष सुविधा मिलने की उम्मीद है। व्यापार, पर्यटन, नौकरी, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वाले लोगों को सीधी उड़ान का लाभ मिलेगा।

उदयपुर पर्यटन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र है। वहीं हैदराबाद आईटी, उद्योग और व्यवसाय के बड़े केंद्रों में शामिल है। ऐसे में दोनों शहरों के बीच दैनिक हवाई सेवा शुरू होना यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नई उड़ान से लंबी दूरी की यात्रा में लगने वाला समय बचेगा और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। अब यात्रियों को उड़ान के निर्धारित समय, किराए और टिकट बुकिंग की जानकारी का इंतजार है।

नाथद्वारा में 5 से 11 दिसंबर तक होगी श्रीमद्भागवत कथा, बालयोगी ब्रह्मानंद जी महाराज करेंगे कथा वाचन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर -नाथद्वारा,20 नवम्बर। धर्मनगरी नाथद्वारा में आगामी 5 से 11 दिसंबर 2026 तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा में राष्ट्रीय संत बालयोगी (ब्रह्मानंद) जी महाराज श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भागवत महात्म्य और भक्ति के आध्यात्मिक संदेश से भावविभोर करेंगे।

आयोजन श्रीमाली ब्राह्मण समाज भवन, सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा में होगा। कथा का आयोजन सविता देवी के सौजन्य से किया जा रहा है, जबकि श्रीमती विजयबाला एवं श्री प्रवीण सुथार परीक्षित के रूप में शामिल होंगे।

सात दिवसीय कथा के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12 से बजे शाम 4 बजे तक बालयोगी द्वारा श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और सदाचार का संदेश दिया जाएगा। कथा वाचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं भक्तिमय प्रसंगों का वर्णन होगा।

आयोजकों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और इस धार्मिक आयोजन का पुण्यलाभ लेने का आह्वान किया है।

उदयपुर में बड़ी कार्रवाई! इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी, वित्तीय दस्तावेज खंगाल रही टीमें



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के औद्योगिक और कारोबारी जगत में उस समय हलचल मच गई, जब आयकर विभाग की टीमों ने उर्वरक और केमिकल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड के परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। विभाग की अलग-अलग टीमें कंपनी से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड, खाते-बही, निवेश और कारोबारी लेन-देन की बारीकी से जांच कर रही हैं। अचानक हुई इस कार्रवाई से शहर के व्यापारिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

सेक्टर-11 स्थित मुख्य कार्यालय पर पहुंची टीमें

जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की टीम सेक्टर-11 स्थित इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड के कॉर्पोरेट कार्यालय पहुंची। अधिकारियों ने कार्यालय में पहुंचकर वित्तीय और कारोबारी दस्तावेजों की जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान परिसर के भीतर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया।

टीमों की ओर से कंपनी के आय-व्यय का विवरण, बैंकिंग लेन-देन, निवेश से जुड़े रिकॉर्ड और विभिन्न कारोबारी सौदों के दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। जांच का प्रमुख उद्देश्य वित्तीय रिकॉर्ड और कंपनी की वास्तविक कारोबारी गतिविधियों के बीच तालमेल की स्थिति का पता लगाना है।

कारोबार से लेकर निवेश तक की पड़ताल

आयकर विभाग की इस कार्रवाई में कंपनी के वित्तीय लेन-देन और लेखा-जोखा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों की ओर से उपलब्ध दस्तावेजों और वित्तीय आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है। जांच के दौरान आय, व्यय, परिसंपत्तियों और कारोबारी निवेश से संबंधित रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

हालांकि, अभी तक विभाग की ओर से कार्रवाई के कारणों और जांच में सामने आए तथ्यों को लेकर कोई आधिकारिक विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में किसी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि करना फिलहाल जल्दबाजी होगी।

उर्वरक और केमिकल कारोबार में बड़ा नाम है कंपनी

इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड उर्वरक और केमिकल निर्माण के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख कंपनियों में शामिल है। कंपनी का कारोबार मुख्य रूप से सिंगल सुपर फॉस्फेट (SSP) उर्वरक और LAB-SA-90 केमिकल के विनिर्माण से जुड़ा हुआ है।

कंपनी का कॉर्पोरेट मुख्यालय उदयपुर के सेक्टर-11 में स्थित है, जबकि इसकी प्रमुख विनिर्माण इकाई उमरड़ा क्षेत्र में संचालित होती है। कंपनी की कारोबारी गतिविधियां अन्य क्षेत्रों में भी फैली हुई हैं।

1072 करोड़ रुपये से अधिक का रहा समूह का कारोबार

कंपनी के वित्तीय आकार पर नजर डालें तो नवंबर 2026 की क्रिसिल रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में समूह की समेकित परिचालन आय 1,072.3 करोड़ रुपये दर्ज की गई थी। इसी अवधि में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ 23.5 करोड़ रुपये रहा।

इतने बड़े कारोबारी समूह के परिसरों पर आयकर विभाग की कार्रवाई को औद्योगिक जगत में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

अब जांच के नतीजों पर टिकी निगाहें

फिलहाल आयकर विभाग की टीमें दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच में जुटी हैं। कार्रवाई कितने समय तक चलेगी, जांच का दायरा कितना विस्तृत होगा और अधिकारियों को दस्तावेजों की पड़ताल में क्या तथ्य मिलते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

आयकर विभाग की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि इस कार्रवाई के पीछे क्या वजह रही और जांच में कौन-कौन से तथ्य सामने आए हैं।

जीतो ट्रेड फेयर 8, 9, 10 जनवरी को उदयपुर में

जीतो लेडिज विंग का महिला सषक्तीकरण की ओर बढ़ता एक कदम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 20 नवंबर। जैन इंटरनेषनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेषन (जीतो) लेडिज विंग की ओर से आगामी 8, 9, 10 जनवरी को एक विषाल ट्रेड फेयर सौ फीट रोड स्थित सॉलिटेयर गार्डन में आयोजित होने जा रहा है। लेडिज विंग अध्यक्षा मंजू बोर्दिया एवं आयोजन संयोजक श्रीमती प्रेमा दोषी ने बताया कि इस फेयर में सौ से अधिक अलग अलग स्टालें, अलग अलग फील्ड की लगाई जाएगी जिससे एक ही छत के नीचे सभी वस्तुओं की उपलब्धता रहेगी। लेडिज विंग की चीफ सेक्रेटरी सुषीला मेहता ने बताया कि लगने वाले तीन दिवसीय फेयर में बिजनेस नेटवर्किंग बढ़ाने के साथ साथ सांस्कृतिक एवं मनोरजन के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस ट्रेड फेयर के पोस्टर का विमोचन जीतो शपथ ग्रहण समारोह में जीतो अपेक्स अध्यक्ष हिमांषु शाह, चीफ सेक्रेटरी हेमंत एन. शाह, उपाध्यक्ष रमण अष्विन जैन, अपेक्स लेडिज विंग चेयर पर्सन सोनाली दुग्गड़, चीफ सेक्रेटरी सोनाली मारू, राजस्थान जोन चेयर पर्सन सलोनी जैन, यूथ विंग चेयर पर्सन सुश्री क्षमा जैन द्वारा किया गया। पोस्टर विमोचन के अवसर पर उदयपुर लेडिज विंग की चेयर पर्सन मंजू बोर्दिया, वाइस चेयर पर्सन रेखा नवलखा, अर्चना जैन, चीफ सेक्रेटरी सुषीला मेहता, सेक्रेटरी निधि मुणोत, सुनयना जैन, कोषाध्यक्ष दीपिका जैन भी उपस्थित थीं। ट्रेड फेयर संयोजिका प्रेमा दोषी ने बताया कि तैयारियों के लिए शीघ्र ही अलग अलग समितियों का गठन कर लेडिज विंग की सदस्याओं को दायित्व प्रदान किए जाएंगे।

उदयपुर-कानोड़ हत्याकांड में नया मोड़, पोस्टमार्टम के बाद भी परिजनों ने शव लेने से किया इनकार; आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के कानोड़ थाना (ग्रामीण) क्षेत्र में एक दिन पहले खेत पर महिला का शव मिलने के मामले में शुक्रवार को परिजनों और ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर जमकर प्रदर्शन किया।

परिजनों ने महिला की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की और शव लेने से इंकार कर दिया।

परिजनों का कहना था कि महिला के शरीर पर कट के निशान थे। ऐसे में किसी ने उसकी हत्या की है। इसके बाद सभी ग्रामीण और परिजन कानोड़ थाने पहुंचे, जहां भी प्रदर्शन किया गया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

माहौल गर्माता देख वल्लभनगर डीएसपी श्रवणदास संत, वल्लभनगर सीआई पुनाराम गुर्जर, भीण्डर सीआई मुकेश कुमार खटीक और कानोड़ थानाधिकारी भंवरलाल माली जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों और ग्राणीणों ने समझाइश की। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर 3 घंटे बाद शाम 5:30 बजे मामला शांत हुआ। जिसके बाद परिजनों ने शव लिया।

खेत में मिला था महिला का शव

जानकारी अनुसार अमरपुरा जागीर ग्राम पंचायत के गुलाबपुरा क्षेत्र में गुरुवार शाम खेत पर महिला का शव मिला था। किसी ने ग्रामीण ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मृतका की पहचान कंचन बाई पत्नी गणेश गायरी के रूप में हुई।

महिला के चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर कट के निशान थे। ऐसे में परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई और घटना के खिलाफ विरोध जताया। इधर पुलिस की टीमें घटना स्थल से साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी की तलाश में जुटी है।

उदयपुर-नीमच के बीच रोडवेज का तोहफा, 21 नवंबर से शुरू होंगी दो नई बसें

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर से नीमच जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। राजस्थान रोडवेज की ओर से 21 नवंबर से उदयपुर-नीमच मार्ग पर दो नई बस सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इससे दोनों शहरों के बीच सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त परिवहन सुविधा मिलेगी।

उदयपुर और नीमच के बीच नौकरी, व्यापार, शिक्षा और अन्य कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में नई बस सेवाएं शुरू होने से यात्रियों को आने-जाने के लिए अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे और सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर होगी।

नई बसों के संचालन से यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है। फिलहाल बसों के समय, किराए और बीच के ठहराव की विस्तृत जानकारी सामने आने का इंतजार है।



24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।